# इंडिगो की उड़ानों पर 10 प्रतिशत की कटौती

**750** उड़ानें हर सप्ताह कम करनी होंगी

**951** इंडिगो की उड़ानें रद्द रही




**नई दिल्ली, 09 दिसंबर 2025। उड़ान रद्दीकरण की लंबी श्रृंखला और इससे यात्रियों को हुई परेशानियों के बीच केंद्र सरकार ने इंडिगो एयरलाइंस पर कड़ा कदम उठाया है.**

पिछले कुछ दिनों में अचानक बढ़ी उड़ान रद्दीकरण घटनाओं ने न केवल यात्रियों की यात्रा योजनाओं को प्रभावित किया, बल्कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय को एयरलाइन के परिचालन प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाने के लिए मजबूर कर दिया. इसी के तहत सरकार ने मंगलवार को इंडिगो को उसके रूट नेटवर्क में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश जारी किया है, ताकि संचालन को स्थिर किया जा सके और उड़ान रद्दीकरण में कमी लाई जा सके. नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स को मंत्रालय में तलब कर स्थिति की विस्तृत समीक्षा की. एयरलाइन के आंतरिक कुप्रबंधन, विशेष रूप से चालक दल की ड्यूटी से जुड़ी अनियमितताओं के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है. नियामक ने बताया कि शिड्यूल के मुताबिक इंडिगो को नवंबर में 64,346 उड़ानों का संचालन करना था जबकि उसने मात्र 59,438 उड़ानों का संचालन किया और 951 उड़ानें रद्द रहीं. इसके अलावा उसके बेड़े में मौजूद 403 विमानों में से अक्टूबर में एयरलाइंस ने मात्र 339 विमानों और नवंबर में 344 विमानों का परिचालन किया. उल्लेखनीय है कि दिसंबर में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद सरकार ने मामले की जांच के लिए एक चार सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है.

> **इंडिगो संकट जारी, आज भी कई उड़ानें रद्द**
>
> निजी क्षेत्र की विमानन सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो की उड़ानें रद्द होने का क्रम मंगलवार को भी जारी रहा. दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कम से कम 13 उड़ानें या तो रद्द हैं या नहीं चल रही हैं. इनमें आठ प्रस्थान उड़ानें और पांच आगमन उड़ानें हैं. इसी तरह से अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आज सुबह आठ बजे तक 16 उड़ानें रद्द होने का ऐलान किया गया. इनमें नौ आगमन और सात प्रस्थान उड़ानें हैं. अन्य शहरों से भी इसी तरह उड़ानें के रद्द होने का समाचार है. उल्लेखनीय है कि इस महीने अब तक इंडिगो की पांच हजार से अधिक उड़ानें रद्द रही हैं. एलबर्स ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा है कि सोमवार को कंपनी ने 1,800 उड़ानों का परिचालन किया था और आज भी 1,800 से अधिक उड़ानों का परिचालन करेगी. उन्होंने बताया कि अब एयरलाइंस की वेबसाइट पर जो भी उड़ानें दिख रही हैं, वे सभी वास्तव में अपने गंतव्य तक जायेंगी.

## इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री 62 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली, 09 दिसंबर.** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में इस साल नवंबर में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि दुपहिया में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी. यात्री वाहनों में कारों, उपयोगी वाहनों और कैब को शामिल किया जाता है. वाहन डीलरों के संगठन सियाम के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश में कुल 9,174 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे. इस साल नवंबर में यह संख्या बढ़कर 14,850 इकाई पर पहुंच गयी. इस प्रकार इसमें 61.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने 6,153 और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 3,693 वाहन बेचे हैं.

## सोना चढ़ा, चांदी भी हुई महंगी



**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. भोपाल में सोने और चांदी के बाजारों में आज फिर से हलचल बढ़ गई है. नए सप्ताह के पहले ही दिन सराफा कारोबारियों के बीच रौनक दिखाई दी, क्योंकि दोनों बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई.**

कारोबार में जहां 24 कैरेट सोना 30 रुपये महंगा होकर 130,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, वहीं चांदी की कीमत में एक बार फिर तेज उछाल आया और यह 1,020 रुपये बढ़कर 182,420 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई. देशभर के बुलियन मार्केट्स में भी इसी तरह की मजबूती देखने को मिली. वैश्विक स्तर पर पीली धातु की मांग में सुधार और निवेशकों की सुरक्षित संपत्ति की ओर बढ़ती रुचि ने कीमतों को सपोर्ट दिया है. कई शहरों में गोल्ड रेट में करीब 40 रुपये की बढ़त दर्ज की गई, जबकि सिल्वर ने हजार रुपये से अधिक की छलांग लगाई.

विशेषज्ञों के अनुसार, त्योहारी सीजन के बाद भी सोने-चांदी की मांग स्थिर बनी हुई है, जिससे स्थानीय बाजारों में कीमतें ऊंचाई पर बनी रह सकती हैं. इस बीच, ज्वैलर्स ने खरीदारों को सलाह दी है कि वे सोना खरीदते समय हॉलमार्क अवश्य जांचें, क्योंकि वही शुद्धता और गुणवत्ता की असली गारंटी है. राजधानी भोपाल के सराफा बाजार में सुबह से ही चहल-पहल दिखी.

## जय अनमोल अंबानी पर सीबीआई का बड़ा शिकंजा

**यूनियन बैंक को 228 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप**

**व्यावसायिक आवश्यकताओं के नाम पर 450 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधा ली**



**नई दिल्ली, 09 दिसंबर. उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी एक बड़े कानूनी शिकंजे में फंसते दिखाई दे रहे हैं. केंद्रीय जांच ब्यूरो ने उनके खिलाफ एक गंभीर आपराधिक मामला दर्ज किया है, जिसमें उन पर और उनकी समूह कंपनी पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 228 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है.**

यह मामला उस शिकायत पर आधारित है, जिसे बैंक ने दर्ज कराया था. शिकायत के अनुसार, कंपनी ने 450 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधा ली थी, लेकिन न केवल उसे समय पर चुकाया नहीं गया बल्कि लोन का इस्तेमाल भी कथित रूप से गलत उद्देश्यों में किया गया. फोरेंसिक ऑडिट में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ—फंड डायवर्जन, खातों में हेरफेर और बैंक की शर्तों का उल्लंघन. कंपनी का खाता 2019 में एनपीए घोषित कर दिया गया था. बैंक का दावा है कि एक सुनियोजित तरीके से पैसों को व्यावसायिक उपयोग से हटाकर अन्य रास्तों में खर्च किया गया, जिससे बैंक को करोड़ों रुपये की चपत लगी. यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा दायर शिकायत के बाद सीबीआई ने अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी और उनकी संबंधित कंपनी के खिलाफ बड़ा मामला दर्ज किया है. बैंक का कहना है कि आरचएफएल नाम की कंपनी ने अपनी व्यावसायिक आवश्यकताओं के नाम पर 450 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधा ली थी. इस क्रेडिट लाइन को स्वीकृत करते समय बैंक ने कई कड़े नियम लगाए थे—जैसे ब्याज और किस्तों का समय पर भुगतान, वित्तीय अनुशासन और बिक्री प्राप्तियों को बैंक खाते में लाना. लेकिन कंपनी इन मानकों पर खरा नहीं उतरी. समय पर भुगतान नहीं होने के कारण 30 सितंबर 2019 को खाता एनपीए घोषित कर दिया गया.

> जांच के दायरे में कंपनी की लेजर बुक्स, बैंक स्टेटमेंट्स, फंड फ्लो और बोर्ड के फैसलों की समीक्षा शामिल है. सीबीआई यह भी जांचेगी कि उधार ली गई राशि को किन संस्थाओं या खातों में भेजा गया और क्या उन लेन-देन का कोई व्यापारिक औचित्य था या नहीं. यह मामला बैंकिंग सेक्टर में बढ़ते कॉर्पोरेट लोन डिफॉल्ट की एक और बड़ी मिसाल है.

## शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट, सेंसेक्स 436 अंक टूटा

**मुंबई, 09 दिसंबर.** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरी गिरावट देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक (0.51 प्रतिशत) टूटकर 84,666.28 अंक पर आ गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ. सोमवार को भी दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे थे. दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही. इसका प्रमुख कारण रुपये में लौटी मजबूती रही. आईटी, ऑटो, फार्मा, वित्त स्वास्थ्य और धातु समूहों में गिरावट रही.

## आरबीआई ने जारी किया डॉलर/ रुपया स्वैप बोली का विवरण




**मुंबई, 09 दिसंबर. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले सप्ताह घोषित डॉलर/रुपया स्वैप बोली का विवरण सोमवार को जारी किया. केंद्रीय बैंक ने बताया कि बोली 16 दिसंबर को सुबह 10.30 से 11.30 तक लगायी जा सकेगी.**

इसके तहत वाणिज्यिक बैंक आरबीआई को डॉलर बेचेंगे और तीन साल बाद एक प्रीमियम दर पर वह उन्हें वापस कर दिया जायेगा. जो बैंक बाद में जितना ज्यादा प्रीमियम देने की पेशकश करेगा उसकी बोली को पहले शामिल किया जायेगा. पहले चरण में 18 दिसंबर 2025 को वाणिज्यिक बैंक आरबीआई के नेस्ट्रो खाते में डॉलर देंगे. बदले में आरबीआई उनके चालू खाते में रुपया जमा करा देगा.

दूसरे चरण के तहत 18 दिसंबर 2026 वे प्रीमियम दर पर पैसे देकर डॉलर वापस लेंगे. केंद्रीय बैंक ने कुल पांच अरब डॉलर के स्वैप का प्रस्ताव किया है. वाणिज्यिक बैंक कम से कम एक करोड़ डॉलर के लिए बोली लगायेंगे. उससे ऊपर 10 लाख के गुणक में मात्रा बढ़ाने का विकल्प होगा.

## भारत-ईयू एफटीए वार्ता की समीक्षा

**नयी दिल्ली, 09 दिसंबर. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यहां यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मोरोस सेफकोविच के साथ मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत में प्रगति की समीक्षा की और उम्मीद जतायी कि दोनों पक्ष परस्पर हित का एफटीए करने में सफल होंगे.**

**दोनों पक्ष मुद्दों को सुलझाने के तरीके खोज रहे हैं: गोयल**

**भारत-ईयू व्यापार 136.53 अरब डॉलर के स्तर पर रहा**



पीयूष गोयल और ईयू आयुक्त सेफकोविच की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनाने की कोशिश, परस्पर हितों वाला समझौता करने की उम्मीद मजबूत. श्री गोयल ने सोसल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईयू के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त, श्री मारॉस सेफकोविच के साथ एक अच्छी बैठक हुई हुई. हमने भारत-ईयू एफटीए (वार्ता) में हुई प्रगति पर चर्चा की और बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मुद्दों को सुलझाने के तरीके खोजे. हम दोनों के लिए फायदेमंद भारत-ईयू एफटीए की दिशा में लगातार सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं. भारत के लिए ईयू एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है.

वर्ष 2024-25 में उसके साथ कुल 136.53 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था जिसमें भारत का निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर था. भारत के कुल निर्यात में ईयू के बाजार का हिस्सा 17 प्रतिशत है.

## स्पाइसजेट के बेड़े में शामिल हुए दो और बोइंग 737




**नयी दिल्ली, 09 दिसंबर.देश के उड्डयन क्षेत्र में जारी संकट के बीच किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के बेड़े में दो और बोइंग 737 विमान शामिल हो गये हैं.**

स्पाइसजेट ने बताया कि दोनों विमान 26 और 29 नवंबर से वाणिज्यिक उड़ान भरनी शुरू कर चुके हैं. इनका उपयोग दिल्ली-बैंकॉक, अहमदाबाद-दुबई और अहमदाबाद-कोलकाता मार्गों पर किया जा रहा है. पीक मांग वाले समय में दो विमानों का बेड़े में शामिल होना कंपनी के लिए काफी लाभदायक है. स्पाइसजेट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी देबोजो महर्षि ने इसे चरणबद्ध तरीके से क्षमता विस्तार की तरफ एक और कदम बताया. उन्होंने उम्मीद जतायी कि इससे परिचालन को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी.

## 17 जनवरी से 2 ज्योतिर्लिंग के साथ करें दक्षिण दर्शन यात्रा

**नागपुर, 09 दिसंबर. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन निरंतर किया जा रहा है. इसी क्रम में यह विशेष ट्रेन दिनांक 17 जनवरी 2026 को रीवा से 02 ज्योतिर्लिंग के साथ दक्षिण दर्शन यात्रा के लिए रवाना होगी.**

यह ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, बैतूल, नागपुर एवं सेवाग्राम स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन में सवार हो सकेंगे. 10 रात/11 दिन की इस पवित्र यात्रा में यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और श्रीशैलम (मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग) के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का दर्शन कराया जाएगा.




**टूर किराया (प्रति यात्री)**

स्लि- इकोनॉमी श्रेणी-20,400/-

3एसी - स्टैंडर्ड श्रेणी-33,700/-

2एसी कम्फर्ट श्रेणी- 44,500/-

आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र मुंबई के ग्रुप जनरल मैनेजर श्री गौरव झा ने बताया कि यह सर्व-समावेशी टूर पैकेज यात्रियों को एक सुरक्षित, आरामदायक और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करता है.

> बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के निम्न कार्यालयों से संपर्क करें—
>
> **जबलपुर** 9321901832, 9910617464
>
> **भोपाल** 9321901862, 8287931723
>
> **नागपुर** 7021092912, 8287931723
>
> **इंदौर** 0731-2522200, 9321901865, 8287931711, 8287931624, 8287931729

**समाचार विशेष**

# 58 सीटों वाला नया समीकरण क्या है?

## हेमंत सोरेन चुप हैं तो बाबूलाल मरांडी भी खामोश हैं!

**रांची. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन पिछले कई दिनों से दिल्ली में हैं. दोनों रांची लौटने वाले हैं, लेकिन दोनों की इस दिल्ली यात्रा ने राज्य की राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है. सूत्र बताते हैं कि हेमंत ने दिल्ली में एक वरिष्ठ बीजेपी नेता से गुप्त मुलाकात की जिससे एनडीए के साथ गठबंधन की चर्चाएं तेज हो गईं.**

बिहार चुनाव में महागठबंधन की हार के बाद यह खबरें और जोर पकड़ रही हैं. सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट्स में दावा किया जा रहा है कि जेएमएम बीजेपी के साथ मिलकर नया समीकरण बना रही है. लेकिन राजनीतिक के गलियारों में सवाल गूंज रहा है कि- क्या यह सिर्फ अफवाह है या सत्ता फेरबदल का कोई नया खेल?




राजनीतिक सूत्र जो संकेत दे रहे हैं इसके अनुसार यह दावा किया जा रहा है कि हेमंत सोरेन और कुछ जेएमएम नेता बीजेपी नेतृत्व के संपर्क में हैं. दिल्ली में हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की मौजूदगी ने इन अटकलों को और हवा दी है कि जेएमएम किसी बड़े राजनीतिक फेरबदल की तैयारी कर सकता है.

> **झारखंड की सियासत-स्थिरता या तूफान?**
>
> बहरहाल, कयासबाजियों और अटकलों का दौर जारी है. कई लोग इसे अफवाह भी कह रहे हैं, लेकिन इतना तो साफ है कि अगर इस दिशा में राजनीतिक कदम बढ़े तो सरकार गिराने या बनाने के लिए आंकड़े समस्या नहीं बनेंगे. हालांकि, फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं है, लेकिन घटनाक्रमों ने स्थिति को बेहद दिलचस्प बना दिया है. महागठबंधन के दावों के बावजूद, राजनीतिक हलचल यह संकेत जरूर देती है कि आने वाले कुछ दिन राज्य की राजनीति के लिए बेहद निर्णायक हो सकते हैं. फिलहाल झारखंड इंतजार में है- क्या मौजूदा सरकार अपनी पूर्ण अवधि पर कायम रहेगी या फिर राज्य एक बार फिर सत्ता परिवर्तन का गवाह बनेगा?

## ओपीएस की अन्ना डीएमके में वापसी कैसे होगी?

**चेन्नई. तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इसके बाद उनके अन्ना डीएमके में वापसी की अटकलें शुरू हो गईं. कहा जा रहा है कि अमित शाह इस प्रयास में लगे हैं कि अन्ना डीएमके छोड़ कर गए नेताओं की वापसी कराई जाए और एक मजबूत गठबंधन पेश किया जाए.**




मुश्किल यह है कि भाजपा और अमित शाह के दबाव में अन्ना डीएमके सुप्रीमो ई पलानीस्वामी वापसी के लिए मान तो जाएंगे तो पनीरसेल्वम को कहां एडजस्ट करेंगे? पार्टी महासचिव के नाते पलानीस्वामी ने अपनी पोजिशन बहुत मजबूत कर ली है. अब वे नहीं चाहेंगे कि कोई दूसरा पद बनाना पड़े और दूसरा पावर सेंटर पार्टी के अंदर खड़ा हो.

गौरतलब है कि 10 दिसंबर को अन्ना डीएमके की एक अहम बैठक होने वाली है. इसमें पलानीस्वामी की वापसी की संभावना पर विचार हो सकता है. ध्यान रहे पलानीस्वामी पहले कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभा चुके हैं.

### पेज एक का शेष

## बुंदेलखंड में सरकार

फीसदी राशि का प्रावधान संचालन अवधि में 15 वर्षों तक 6 माही एन्युटी के रूप में राज्य बजट के माध्यम से किया जाएगा. इसके अतिरिक्त भू अर्जन एवं अन्य कार्यों के लिए 323 करोड़ 41 लाख रूपये का भुगतान भी राज्य बजट से किया जाएगा.

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के रहवास के लिए विकसित किया जाएगा. आने वाले दिनों में अब बुंदेलखंड में भी चीते फर्राटा भरते नजर आएंगे. कैबिनेट ने सागर में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नौरादेही को चीतों के तीसरे रहवास के रूप में विकसित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है. वहीं कैबिनेट ने दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील की झापन नाला मध्यम सिंचाई परियोजना के लिए 165 करोड़ 6 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है.

## 11 जिलों में 12 स्वास्थ्य संस्थाओं का उन्नयन होगा

केंद्र का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में किया जाएगा. इसी प्रकार उज्जैन के जीवाजीगंज और खंडवा के ओंकारेश्वर स्थित 20 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों का विस्तार कर उन्हें 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जाएगा. पन्ना के अजयगढ़, खरगौन के महेश्वर, सिंगरौली के देवसर और रीवा के हनुमना स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में अपग्रेड होगा. बड़े उन्नयन कार्यों में बैतूल के भीमपुर, सिंगरौली के चितरंगी और अनूपपुर के कोतमा स्थित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 100 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों में बदलना शामिल है. साथ ही, सागर जिले के बीना स्थित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का उन्नयन कर उसे 100 बिस्तरीय किया जाएगा.

**विशेष** | **कबीर-ओवैसी आएंगे साथ; भाजपा खाएगी मलाई**

# ममता बनर्जी के आगे कुआं पीछे खाई



**कोलकाता. तृणमूल कांग्रेस के सस्पेंड विधायक हुमायूं कबीर ने नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है. उन्होंने यह भी कहा कि वह आने वाले बंगाल विधानसभा में असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के साथ अलायंस करेंगे और बंगाल में चुनाव लड़ेंगे.**

यह खबर ममता बनर्जी की टेंशन में इजाफा होना स्वाभाविक है. हुमायूं कबीर सुर्खियों में तब आए, जब उन्होंने 'बाबरी मस्जिद' बनाने का ऐलान किय. बीते कल कड़ी सिक्योरिटी के बीच, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में अयोध्या में बाबरी मस्जिद की तरह की एक मस्जिद की नींव रखी. वहीं उन्होंने एक लाख लोगों द्वारा कुरान पढ़ने का भी ऐलान किया.

**मुस्लिम वोट बैंक में सेंध का खतरा-** एक तरफ भारतीय जनता पार्टी हिंदुत्व के मोर्चे पर ज़ोरदार अभियान चला रही है. दूसरी तरफ ममता बनर्जी के लिए उनकी ही पार्टी के नेता ने मुश्किलें खड़ी कर दी है. हुमायूं कबीर के दोनों ऐलानों से ममता के पारंपरिक मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगने का खतरा है. जबकि इसका फायदा बीजेपी और ओवैसी को मिलने वाला है.

**विस्तार से समझिए आकंड़ों का खेल-** 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिम बंगाल की कुल आबादी में मुस्लिमों का हिस्सा 27 प्रतिशत है. जबकि वर्तमान में अनुमान के मुताबिक यह आंकड़ा 30-31 फीसदी तक पहुंच चुका है. मुर्शिदाबाद में सबसे ज्यादा 66 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है. इसके अलावा मालदा में 51 प्रतिशत उत्तर दिनाजपुर में 50 फीसदी मुस्लिम जनसंख्या है.

**कहां हार-जीत तय करते हैं मुस्लिम?-** पश्चिम बंगाल में कुल 294 विधानसभा सीटे हैं. जिनमें से 100 से 120 ऐसी सीटें हैं जहां मुस्लिम मतदाता हार-जीत तय करते हैं. इसके अलावा 70 से 75 ऐसी विधानसभा सीटें हैं जहां, मुस्लिम आबादी 40-50 फीसदी या उससे भी ज्यादा है. यहां सीधे तौर पर उनका प्रभुत्व माना जाता है.

अब अगर ममता हुमायूं कबीर का विरोध करती हैं तो मुस्लिम समुदाय में संदेश जाएगा कि 'दीदी' अब सॉफ्ट हिन्दुत्व की राह पर हैं. यह संदेश उनके कोर वोट बैंक मुस्लिम ओवैसी की पार्टी और हुमायूं कबीर के गठबंधन की तरफ खिसक सकता है. कुछ वोट आईएसएफ के हिस्से भी आने की संभावना है. दूसरी तरफ यदि ममता चुप रहती हैं तो बीजेपी यह प्रचारित करेगी कि ममता तुष्टिकरण कर रही हैं और हिन्दुओं के खिलाफ हैं. परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में और तेज होगा. ऐसे में ममता बनर्जी इस समय इधर कुआं, उधर खाई वाले हालात में हैं. बीजेपी उन्हें 'एंटी-हिन्दू' साबित करने पर तुली है और हुमायूं कबीर उन्हें 'मुस्लिम विरोधी' साबित करने में जुटी हैं.

**किस करवट बैठेगा सियासी ऊंट?** फिलहाल ये तो हालिया समीकरणों और आंकड़ों का विश्लेषण है. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अभी 3 महीने से ज्यादा का वक्त बाकी है. सियासी उंट कब किस करवट पलट जाए इसका अंदाजा लगाना सर्वथा मुश्किल होता है. ऐसे में आगे क्या होगा यह देखना दिलचस्प होने वाला है.

> **भाजपा-एआईएमआईएम को होगा फायदा!**
>
> हुमायूं कबीर और ओवैसी की जोड़ी साथ उतरती है तो सबसे बड़ा नुकसान ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को होने वाला है. जबकि बिहार और बंगाल जैसे राज्यों में पैर जमाने की कोशिश कर रही एआईएमआईएम को भी फायदा पहुंचेगा. इसके साथ ही दो की लड़ाई में सबसे बड़ा फायदा भारतीय जनता पार्टी को पहुंचेगा.

## वाधवानी को 2002 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस

लगातार कच्ची बिलिंग, उत्पादन छिपाने और सप्लाई नेटवर्क को परत दर परत बांटकर करोड़ों का राजस्व नुकसान किया गया. वाधवानी और एलोरा ग्रुप की ओर से नोटिस रोकने की कोशिश में केस हाईकोर्ट से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा. हाईकोर्ट ने इस साल न सिर्फ याचिका खारिज की, बल्कि दो लाख का जुर्माना लगाते हुए कहा कि मामले को अनावश्यक रूप से अटकाया जा रहा है. इसके खिलाफ समूह ने सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी, लेकिन 2 दिसंबर 2025 को देश की सर्वोच्च अदालत ने भी केस खारिज करते हुए हाईकोर्ट के निर्णय को सही माना. इस आदेश के बाद विभाग को वह रास्ता साफ मिला, जिसका इंतजार वर्षों से था, और 6 दिसंबर को एक साथ पूरे नेटवर्क पर 2002 करोड़ का टैक्स डिमांड नोटिस जारी कर दिया. उक्त कार्रवाई न केवल गुटखा कारोबार के सबसे बड़े नेटवर्क पर बड़ा झटका है, बल्कि टैक्स चोरी के मामलों में सख्त होती कार्रवाई का संकेत भी देती है. इंदौर की यह फाइल अब पूरे देश में राजस्व जांच एजेंसियों के लिए मिसाल मानी जा रही है. एलोरा टोबैको, दबंग दुनिया पब्लिकेशन, किशोर वाधवानी, श्याम खेमानी, अनमोल मिश्रा, धर्मेंद्र पीठादिया, राजू गर्ग, शिमला इंडस्ट्रीज प्रा.लि., देवेंद्र द्विवेदी, विनायका फिल्टर्ड प्रा.लि., विनोद बिदासरिया सहित रमेश परिहार, टीएएन इंटरप्राइजेज, एसआर ट्रेडिंग, निश्का इंटरप्राइजेज, इंक फूट, एमएन इंटरप्राइजेज, रानी प्रेस प्रा.लि., जौहर हसन और एनजी ग्राफिक्स एंड ब्लॉक मेकर्स से जवाब मांगा गया है.